अब भारत में छात्रों के लिए कई तरह की स्कॉलरशिप स्कीम्स मौजूद हैं।

सरकारी स्कॉलरशिप्स

हर कदम पर छात्रों के लिए आर्थिक मदद

होनहार छात्रों को प्रोत्साहन देने के लिए मिनिस्ट्री ऑफ ह्यूमन रिसोर्सेस (एमएचआरडी) और डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (डीटीई) की कई स्कॉलरशिप्स मौजूद हैं। सालाना करीब 2 लाख से भी ज्यादा छात्र इनका फायदा उठा रहे हैं। इनमें से कुछ के लिए एग्जाम होती हैं तो कुछ मेरिट बेसिस पर मिलती हैं। ये स्कॉलरशिप्स छात्र पढ़ाई पूरी करने तक के लिए भी हासिल कर सकते हैं। यानी स्कूल से पीएचडी तक, हर कदम पर आर्थिक सहायता।

आईसीएमआर पोस्ट डॉक्टोरल

रिसर्च फेलो स्कीम

हर साल सिर्फ 50 रिसर्च स्कॉलर्स को रिसर्च के लिए मिलती है इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल
रिसर्च (आईसीएमआर) की यह स्कॉलरशिप।

एलिजिबिलिटी : पीएचडी, एमडी या एमएस की डिग्री। आयु सीमा : 32 साल जनरल के लिए, एससी\एसटी और महिलाओं के लिए के लिए 37 साल। रिसर्च कहीं पब्लिश हुई हो या कोई अवॉर्डस मिले हों, तो आयु सीमा में तीन साल की छूट।

सिलेक्शन : चयन इंटरव्यू के जरिये। जिन छात्रों की रिसर्च पब्लिश हुई हो या अवॉर्ड मिले हों, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।

ड्यूरेशन और वैल्यू : पोस्ट डॉक्टोरल फेलो के लिए 35 हजार रु. प्रति माह, हाउस रेंट अलाउंस और नॉन प्रैक्टिसिंग अलाउंस। 3 लाख रु. सालाना की कंटिंजेंसी ग्रांट। इसमें से 25 फीसदी ग्रांट का इस्तेमाल ट्रैवल एक्सपेंसेस के लिए।

न्यू सेंट्रल सेक्टर स्कीम ऑफ स्कॉलरशिप

कॉलेज और यूनिवर्सिटी के जरूरतमंद लेकिन होनहार छात्रों के लिए एमएचआरडी की स्कॉलरशिप। इसके जरिये ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सेस की पढ़ाई का खर्च दिया जाता है। हर साल 41 हजार छात्र और 41 हजार छात्राओं को मिलती है यह स्कॉलरशिप।

एलिजिबिलिटी : 12वीं कक्षा में 80 फीसदी से ज्यादा अंक। किसी अन्य स्कॉलरशिप के लिए अप्लाय नहीं किया हो। परिवार की आय 4.5 लाख रु. सालाना से ज्यादा न हो।

सिलेक्शन : बोर्ड रिजल्ट के बाद उन छात्रों की मेरिट लिस्ट जारी होती है जिनकी फैमिली इंकम कम, लेकिन स्कोर बेहतरीन हो। ये छात्र फिर स्कॉलरशिप के लिए अप्लाय कर सकते हैं।

ड्यूरेशन और वैल्यू : पढ़ाई के दौरान साल में दस महीने मिलती है राशि। ग्रेजुएट स्टूडेंट्स को 1 हजार रु. और पीजी कर रहे छात्रों को 2 हजार रु. प्रति माह। जो छात्र प्रोफेशनल कोर्सेस में प्रवेश लेते हैं उन्हें पढ़ाई के चौथे और पांचवे साल में 2 हजार रु. प्रति माह।

इंस्पायर स्कॉलरशिप

डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के 'इनोवेशन इन साइंस पस्यरूट फॉर इंस्पायर्ड रिसर्च' (इंस्पायर) प्रोग्राम के तहत छात्रों को हायर एजुकेशन के लिए स्कॉलरशिप्स दी जाती हैं। ये हैं स्कॉलरशिप फॉर हायर एजुकेशन (एसएचई) और अश्योर्ड अपॉच्यरूनिटी फॉर रिसर्च कॅरिअर (एओआरसी)।

एसएचई

नेचुरल और बेसिक साइंसेज़ में बैचलर या मास्टर डिग्री लेने पर। 10 हजार छात्रों को मिलती है हर साल।

एलिजिबिलिटी : 12वीं बोर्ड में टॉप 1% पर्सेंटाइल में या जेईई या एनईईटी में टॉप 10 हजार में रैंक या किशोर वैज्ञानिक प्रोत्साहन योजना या एनटीएसई या जगदीश बोस नेशनल टैलेंट सर्च एग्जाम क्लीयर कर चुके हों।

ड्यूरेशन और वैल्यू : हर साल 80 हजार रु. ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन के दौरान।

एओआरसी

युवा शोधकर्ताओं को अपनी पसंद के विषय पर स्वतंत्र रूप से शोध करने में मददगार। हर साल 1000 अवॉर्डस।

एलिजिबिलिटी : रिसर्च स्कॉलर, या जिन्होंने अपनी यूनिवर्सिटी में टॉप किया हो, या 12वीं की परीक्षा या आईआईटी-जेईई में टॉप 1 फीसदी छात्रों में हों।

ड्यूरेशन और वैल्यू: आईआईटी के असिस्टेंट प्रोफेसर जितनी राशि के साथ ही 7 लाख रुपए का रिसर्च ग्रांट, पांच साल तक।

नेशनल रिसर्च फेलोशिप्स

डीएसटी ने साइंटिफिक रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए रामानुजन फेलोशिप और जे.सी. बोस फेलोशिप दी हैं। दोनों के लिए साइंस या इंजीनियरिंग में पीएचडी, इंजीनियरिंग में मास्टर्स डिग्री या मेडिसिन में एमडी, वर्क एक्सपीरियंस जरूरी है।

रामानुजन फेलोशिप : दुनिया भर के साइंटिस्ट और इंजीनियर्स कर सकते हैं अप्लाय। छात्रों का चयन डीएसटी करेगा।

वैल्यू और ड्यूरेशन : हर महीने 50 हजार रु. की फेलोशिप। 5 लाख रुपए सालाना का कंटिंजेंसी ग्रांट। शुरुआत में पांच साल के लिए वैलिड रहेगी स्कॉलरशिप। तीन साल के बाद फेलोशिप राशि 60 हजार रु. प्रति माह होगी।

जे.सी. बोस फेलोशिप: सिर्फ देश के इंजीनियर्स और साइंटिस्ट कर सकेंगे अप्लाय जिनकी उम्र 60 साल के कम हो।

वैल्यू और ड्यूरेशन : इंकम के साथ ही हर महीने 20 हजार रु. की फेलोशिप। 5 लाख रुपए सालाना की कंटिंजेंसी ग्रांट। पांच साल के लिए रहेगी फेलोशिप।

Scholarships In India

1. Know About PROJECT 'ASSIST'

2. National Board for Higher Mathematics - NBHM Scholarship - Last Date : 02.08.13 NEW!

3. Lalit Kala Akademi Scholarships 2013-14 - Last Date : 20.08.13 NEW!

4. Prime Minister's Special Scholarship Scheme for Jammu and Kashmir 2013-14 - Last Date : 25.08.13 NEW!

5. Direct Benefit Transfer of PG (GATE/GPAT) Scholarship - Last Date : 30.08.13 NEW!

6. National Handicapped Finance and Development Corporation Scholarships 2013-14- Last Date : 31.08.13 NEW!

7. CBSE Merit Scholarship Scheme 2013 - Last Date : 15.09.13 NEW!

8. Sophia Merit Scholarships India 2013 - Last Date : 15.09.13 NEW!

9. Gaurav Foundation Scholarships - Last Date : 30.09.13 NEW!

9. Maulana Azad National Scholarship For Girls 2014 - Last Date : 30.09.13 NEW!

10. Colgate Dental Cream Scholarship - Last Date : 30.09.13 NEW!

11. IndianOil Educational Scholarship Scheme 2013 - Last Date : 15.10.13 NEW!

12. North South Foundation Scholarships 2013 - Last Date : 30.10.13 NEW!

13. Prof R.P.Anand Memorial International Law Scholarships 2014 - Last Date : 30.11.13 NEW!

13. CouponSpy Scholarship 2013 - Last Date : 30.11.13 NEW!

14. INSPIRE Scholarship - Scholarship for Higher Education (SHE) - Last Date : 09.12.13 NEW!

15. Scholarships For Degree Students Of Science, Engg And Medical Courses - Last Date With Late Fee 31.12.13 NEW!

16. Sathyadeepam National Scholarship NEW!

17. Merit Cum Means Scholarship NEW! Last Date : 30.09.2013

18. Indian Council For Cultural Relations Scholarship NEW!

19. LIC Golden Jubilee Foundation Scholarship NEW!

20. O.P. Jindal Engineering and Management Scholarships (OPJEMS) NEW!